1. **साझेदारी फर्म बनाने के लिए न्यूनतम कितने व्यक्तियों की आवश्यकता होती है?**

A. एक B. दो

C. तीन D. पाँच (B)

*व्याख्या :* साझेदारी फर्म कम से कम दो व्यक्तियों से मिलकर बनाई जाती है जो लाभ और हानि साझा करने के लिए सहमत होते हैं।

2. **सरकारी नियमों के अनुसार साझेदारी फर्म में अधिकतम कितने साझेदार हो सकते हैं?**

A. 20 B. 100

C. 50 D. 200 (C)

*व्याख्या :* कंपनी अधिनियम की धारा 464 के अनुसार, साझेदारी फर्म में अधिकतम 50 साझेदार हो सकते हैं।

3. **यदि साझेदारी अनुबंध में कोई उल्लेख नहीं हो, तो लाभ का वितरण कैसे किया जाता है?**

A. पूंजी अनुपात के अनुसार B. समान रूप से

C. वरिष्ठता के आधार पर

D. कार्य समय के आधार पर (B)

*व्याख्या :* यदि साझेदारी अनुबंध में कोई प्रावधान नहीं है तो लाभ और हानि समान रूप से बाँटे जाते हैं।

4. **स्थिर पूंजी पद्धति में किस खाते को अलग से रखा जाता है?**

A. लाभ हानि खाता B. पुनर्मूल्यांकन खाता

C. चालू खाता D. आहरण खाता (C)

*व्याख्या :* स्थिर पूंजी विधि के अंतर्गत प्रत्येक साझेदार के लिए एक अलग चालू खाता तैयार किया जाता है।

5. **यदि साझेदारी अनुबंध में कोई उल्लेख नहीं है, तो साझेदार को ऋण पर कितनी दर से ब्याज मिलेगा?**

A. 8% B. 10%

C. 6% D. कोई ब्याज नहीं (C)

*व्याख्या :* साझेदारी अधिनियम के अनुसार यदि अनुबंध में कुछ न लिखा हो तो साझेदार के ऋण पर 6% प्रतिवर्ष ब्याज मिलता है।

6. **यदि कोई समझौता न हो, तो क्या किसी साझेदार को वेतन मिलता है?**

A. हाँ, सभी को

B. केवल प्रबंध साझेदार को

C. नहीं

D. लाभ के आधार पर (C)

*व्याख्या :* साझेदारी अनुबंध में उल्लेख न होने पर कोई साझेदार वेतन पाने का अधिकारी नहीं होता।

7. **लाभ हानि विनियोग खाता किसलिए तैयार किया जाता है?**

A. शुद्ध लाभ की गणना के लिए B. पूंजी समायोजन के लिए

C. साझेदारों के बीच लाभ वितरण के लिए

D. बैलेंस शीट तैयार करने के लिए (C)

*व्याख्या :* लाभ हानि विनियोग खाता का उपयोग साझेदारों के बीच लाभ के वितरण के लिए किया जाता है।

8. **निम्नलिखित में से कौन-सी वस्तु लाभ हानि विनियोग खाता में समायोजित की जाती है?**

A. खराब ऋण B. बकाया वेतन

C. साझेदार का वेतन D. डिबेंचर पर ब्याज (C)

*व्याख्या :* साझेदार का वेतन लाभ हानि विनियोग खाता में समायोजित किया जाता है क्योंकि यह विनियोग से संबंधित है।

9. **किन परिस्थितियों में पूंजी पर ब्याज नहीं दिया जाता?**

A. जब फर्म को लाभ हो B. जब फर्म को हानि हो

C. जब पूंजी बराबर हो D. जब अनुबंध अनुमति दे (B)

*व्याख्या :* जब फर्म को हानि होती है, उस स्थिति में पूंजी पर ब्याज नहीं दिया जाता।

10. **किसी साझेदार को गारंटीशुदा लाभ की कमी को कैसे समायोजित किया जाता है?**

A. सामान्य भंडार में समायोजित B. सरकार द्वारा समायोजित

C. अन्य साझेदारों द्वारा वहन किया जाता है

D. अनदेखा कर दिया जाता है (C)

*व्याख्या :* गारंटी देने वाले साझेदारों द्वारा इस कमी को वहन किया जाता है।


मिशन ज्ञान जब चाहें, जहाँ चाहें, जो चाहें! 100% FREE! Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES Download Mission Gyan App